## कार्यालय वनमंडलाधिकारी बुरहानपुर सामान्य वनमंडल बुरहानपुर म.प्र.

क्रमांक/मा.चि./2023/ 1183

Tel No. - 07325-251280, Fax -252308

बुरहानपुर दिनांक

EMail - dfotbpur@mp.gov.in

14 MAR 2023

प्रति

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
संभाग बुरहानपुर

**विषय :—** बुरहानपुर जिले में सुक्ता नवाड़ से झिरपांजरिया मार्ग उन्नयन हेतु 2.38 हेक्टे. वनभूमि लोक निर्माण विभाग, बुरहानपुर को उपयोग देने बाबत्।

**संदर्भ :—** प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू—प्रबंध) म.प्र. भोपाल के पत्र क्र./एफ—5/1126/2022/10—11/948 दिनांक 02.03.2023

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि संदर्भित पत्र के संलग्न भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के पत्र क्र./6-MPB 015/2022-BHO दिनांक 01.03.2023 माध्यम से वनमंडल सामान्य बुरहानपुर के वनपरिक्षेत्र धुलकोट अंतर्गत सुक्ता नवाड़ से झिरपांजरिया मार्ग निर्माण हेतु 2.38 हेक्टेयर वनभूमि को उपयोग पर देने हेतु प्रथम चरण की सैद्धांतिक अनुमति जारी की गई है (छायाप्रति संलग्न)

उक्तानुसार दी गई अनुमति की शर्त क्र. A (05) में दिये गये निर्देशानुसार एन.पी.व्ही. की राशि 1894933 रूपये एवं प्रस्तावित मार्ग निर्माण में प्रभावित होने वाली वनभूमि के बदले प्राप्त समतुल्य राजस्व भूमि की क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण योजना हेतु राशि 2863288 रूपये ऑनलाईन कैम्पा मद में जमा करावे, तथा समस्त शर्तों का पालन प्रतिवेदन भेजे, ताकि वरिष्ठ को प्रेषित किया जा सके।

**संलग्नः—** उपरोक्तानुसार।

कार्यपालन यंत्री 742 17/3/23

वनमंडलाधिकारी
बुरहानपुर वनमंडल सा.बुरहानपुर

पृष्ठा.क्रं./मा.चि./2023/
बुरहानपुर, दिनांक

**प्रतिलिपि :—**

1) प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू—प्रबंध) म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2) मुख्य वन संरक्षक खंडवा वृत्त खंडवा की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3) कलेक्टर जिला बुरहानपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

वनमंडलाधिकारी
बुरहानपुर वनमंडल सा.बुरहानपुर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग, बुरहानपुर
website:- www.mp.gov.in/pwdmp email:- eepwdburmp@mp.nic.in Phone No. 07325-242084
Office Address:- Rest House Burhanpur Campus,Amravati Road, Burhanpur 450331

पत्र क्रं./ 985 /तक.शा./2023–24/ बुरहानपुर दिनांक 17/07/2023

प्रति,

अधीक्षण यंत्री,
लोक निर्माण विभाग,
खण्डवा मण्डल खण्डवा,

**विषयः–सुक्ता नवाड़ झिरपांजरिया मार्ग लंबाई 10.95 कि.मी. की वनमण्डलाधिकारी बुरहानपुर को राशि जमा करने हेतु अनुमति प्रदान करने बाबत्।**

संदर्भः–1) इस कार्या. का कार्यादेश क्रं. (एल.ओ.ए.) 2412/टी.सी./18–19 बुरहानपुर दि 21.11.22
2)वनमण्डलाधिकारी, सामान्य बुरहानपुर का पत्र क्र./मा.चि./2023/1183 दि. 14.03.2023

----000----

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, सुक्ता नवाड़ झिरपांजरिया मार्ग लंबाई 10.95 कि.मी. में से 3.975 कि.मी. वनक्षेत्र से गुजरता है जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति राशि रू. 983.02 लाख की 12 प्रतिशत जी.एस.टी. के साथ प्रदाय की गई थी। जिसमें वन विभाग को दी जाने वाली राशि का समावेश राशि रू. 31,01,140/–प्राक्कलन में किया गया था।

मार्च 2022 में नवीन एस.ओ.आर. लागु होने के कारण पुनरिक्षित तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर राशि रू. 978.88 की निविदा आमंत्रित की गई जो 11.00 प्रतिशत कम दर पर रू. 871.20 लाख की प्राप्त हुई ।

संदर्भित पत्र क्रमांक–02 द्वारा सम्पूर्ण ओपचारिकताऍ पूर्ण करते हुए वन विभाग के कैम्पा मद में नेट प्रेजेन्ट वैल्यु की राशि रू. 15,94,933/– तथा वृक्षारोपण की राशि रू. 28,63,288/– कुल राशि रू. 44,58,221/– जमा करने की शर्त पर सैद्धांतिक अनुमति प्राप्त हुई है।

मूल प्रशासकीय स्वीकृति में वन विभाग को दी जाने वाली राशि का सम्पूर्ण समावेश नहीं होने के कारण अनुमति की आवश्यकता है। कार्य पर अब तक 18 प्रतिशत जी.एस.टी. के साथ 192.75 लाख का व्यय हुआ है। शेष कार्य पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. के साथ 835.26 लाख का व्यय होना संभावित है। इस प्रकार कार्य पर कुल व्यय (192.75+835.26+44.58) राशि रू. 1072.60 लाख का व्यय होने की संभावना है। जो कि, प्राप्त प्रशासकीय स्वीकृति की राशि 983.02 लाख से लगभग 9.11 प्रतिशत अधिक है। यह अधिकता जी.एस.टी. की राशि में 06 प्रतिशत बढ़ोतरी तथा वन विभाग को दी जाने वाली राशि के कारण आयेगी।

अतः निवेदन है,कि वन विभाग को दी जाने वाली प्रावधानित राशि रू. 31.01 लाख से बढाकर राशि रू. 44.58 लाख के भुगतान करने की अनुमति प्रदान करे। तदानुसार वन विभाग को उक्त् राशि रू. 44.58 लाख का भुगतान करने के पश्चात् अंतिम चरण की स्वीकृति प्राप्त की जा सके।

**सहपत्र–तुलनात्मक पत्रक**

o/c **कार्यपालन यंत्री**
**लोनिवि संभाग बुरहानपुर**

**पृ.क्रं./ 986 /तक.शा./2023–24/** **बुरहानपुर दिनांक 17/07/2023**

**प्रतिलिपि–**

1) मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, इन्दौर परिक्षेत्र इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2) अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण उपसंभाग नेपानगर की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

**सहपत्र–निरंक**

**कार्यपालन यंत्री**
o/c **लोनिवि संभाग बुरहानपुर**